

# मस्तिष्क निर्माण के लिएशब्दों और अक्षरों को to Build Brains




शब्द और अक्षर हमारे चारों तरफ़ मौजूद हैं! उनकी ओर ध्यान दिलाएं और दैनिक जीवन के पलों को मस्तिष्क निर्माण के पल भी बनाएं!

## अक्षरों का चार्ट चिपकाएं।

आप अक्षरों को अधिक पहचाने जा सकता वाले बनाएंगे और अक्षरों और ध्वनियों के बारे में बात करते हुए उनका संदर्भ देंगे।




## शब्द देखने के बारे में जागरूक बनाएं।

मेज़, कुर्सी या दरवाज़े पर "मेज़" या "कुर्सी" या "दरवाज़ा" शब्द लिखकर चिपकाएंताकि पूरा शब्द संबंधित वस्तु से जुड़ जाए।




## करें अक्षरोंकीखोज

शब्द और अक्षर हमारे चारों तरफ़ मौजूद हैं। जब आप खरीददारी कर रहे हों, टहल रहे होंरेस्त्रां में भोजन कर रहे हों या कार, बस या सबवे में चल रहे होतो उन्हें एकसाथ चिह्नित करें।

क तीन अक्षर तलाशें।

ख गिनती करें कि आपको प्रत्येक अक्षर कितनी बार मिलता है।

ग आपको सबसे ज़्यादा कौन-सा अक्षर दिखा?

घ आपको सबसे कम कौन-सा अक्षर दिखा?






हमें बताएं कि आपने इन विचारों का प्रयोग कैसे किया और अपने खुद के कुछ विचार साझा करने के लिए यहां जाएं: /BrainBuildingInProgress

BrainBuildingInProgress.org

eec Department of Early Education and Care

United Way

# लिखना to Build Brains

जब बच्चे वयस्कों को लिखते हुए देखते हैं, तो वे यह सीखते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण कौशल है।दैनिक जीवन के पलों को मस्तिष्क निर्माण के पल भी बनानेके लिए यह करें!

## आदर्श बनें।

- ईमेल भेजते समय या कोई फॉर्म भरते समय,बात करेंकि आप क्या कर रहे हैं।
- साथ मिलकर सूची बनाएं, कैलेंडर भरें या मित्र को पत्र लिखें।

## लेखन को बढ़ावा दें।

- कागज़, पेंसिल, क्रेयॉन या मार्कर आसानी से उपलब्ध होने वाले स्थान पर रखें।
- जब आप कहीं बाहर जाएं तो इन सब चीज़ों को साथ रखें।

## घर पर किताब बनाएं।

- इसमें ऐसी कहानी हो सकती है जिसकी वह अपने खुद के बनाए चित्रों के जरिए कल्पना कर सकें।
- या, खींची गई तस्वीरों का इस्तेमाल करके परिवार, मित्रों या पालतू जानवरों या किसी आयोजन के बारे में कहानी बताएं। आप किताबों, किताबों के हिस्सों और पढ़ने की प्रक्रिया के बारे में समझदारी को बढ़ावा देते हुए, मिलजुल कर एक यादगार सृजित करेंगे।

## मिलजुल कर मजे करें!

1. टॉफी के कागज पर शेविंग क्रीम या रेत लगाएं और उस पर अक्षर उकेरें।
2. साथ मिलकर भाप से ढके आईने या खिड़की पर शब्द लिखें।
3. इस बारे में बातचीत करें कि इस प्रकार लिखने और पेंसिल या क्रेयॉन से लिखने पर क्या फ़र्क महसूस होता है।

BRAIN BUILDING IN PROGRESS

हमें बताएं कि आपने इन विचारों का प्रयोग कैसे किया और अपने खुद के कुछ विचार साझा करने के लिए यहां जाएं:
/BrainBuildingInProgress

BrainBuildingInProgress.org

eec Department of Early Education and Care

United Way

# मस्तिष्क निर्माण के लिए to Build Brains



लिखने के औजारों को पकड़ने और शब्दों को स्पष्ट ढंग से लिखने के लिए नन्हें हाथों को मज़बूत होना चाहिए। दैनिक जीवन के पलों को मस्तिष्क निर्माण के पल भी बनाते हुए वह ताक़त बनाने के लिए यह करें!

## “व्यायाम” के जरिए लिखने के लिए आवश्यक मांसपेशियों को निर्मित करें।

- मॉडल बनाने के काम आने वाली चिकनी मिट्टी की गेंद को भींचने को कहें।
- गिनती करें कि आप दोनों यह कितनी बार कर सकते हैं।

## तोड़ें! मरोड़ें! पटाका बजाएं!



मांसपेशियों को निर्मित करते समय कुछ शोर करें।

- नन्हें हाथों को फली या मटर के खोल अच्छा लगता है।
- अलग-अलग प्रकार के कागजों को फाड़ें और मरोड़ें।
- किसी सामान की पैकिंग में आने वाले बुलबले वाले कवर को पटाकेदार आवाज के साथ फोड़ें।
- आपने जो ध्वनियां निकालीं उन सभी के बारे में और आपके हाथों से कितनी आवाज निकल सकती है इसके बारे में बात करें।

## चीज़ों को काटने का मजा लें।



कागज़, मॉडली के आने वाले प्ले-डव, फोम, फैब्रिक या अन्य सामग्रियों कोकाटने से (बच्चों के इस्तेमाल लायक आकार में आने वाली कैंची से) हाथ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और हाथों-आंखों का तालमेल विकसित होता है।

- कैंची को खोलने और बंद करने के अभ्यास से शुरुआत करें।
- बच्चों से पूछें कि कागज़ काटने पर कैसा महसूस होता है।
- क्या कागज़ काटते समय, प्ले डव या फोम काटने से अलग महसूस होता है?

## काटने के निशान का पीछा करें!

सीधी रेखाएं, चक्करदार रास्ते या टेढ़े-मेढ़े निशान बनाएं और कैंचीसे उन निशानों पर काटें। अधिक जटिल निशान या पैटर्ननिर्मित करें या सामान लाने थैलों या अनाज के बक्सों जैसे मोटे कागज पर अभ्यास शुरू कराएं।





हमें बताएं कि आपने इन विचारों का प्रयोग कैसे किया और अपने खुद के कुछ विचार साझा करने के लिए यहां जाएं:
/BrainBuildingInProgress

BrainBuildingInProgress.org

Department of Early Education and Care

United Way

# गिनती करना

## to Build Brains




छोटे बच्चे गणित के उभरते हुए महत्वपूर्ण कौशल को सीख रहे हैं। उनके आसपास के माहौल में संख्याओं के प्रति जागरूक बनने में उनकी मदद करें। दैनिक जीवन के पलों को मस्तिष्क निर्माण के पल भी बनानेके लिए यह करें!!




## उन्हें दिखाएं कि संख्या दैनिक जीवन का हिस्सा होती हैं।

- दैनिक चीज़ें करते हुए या आते-जाते हुएगिनती करें, संख्या लिखें और सवाल हल करें
- पतों पर, स्टोर में कीमतों पर या कीबोर्ड या फोन पर दिखने वाली - संख्याओं पर ध्यान दें।
- इस तरह के प्रश्न पूछें कि, "यदि मेरे पास दो सेब हैं, तो क्या मेरे पास उस व्यक्ति से ज़्यादा सेब हैं जिसके पास छह सेब हैं?"




## साथ-साथ बोलकर गिनती करें।

- अक्षरों के चार्ट की तरह ही, संख्याओं का चार्ट भी चिपकाएं।
- बातचीत में संख्याएं आएं तो उनकी ओर ध्यान दिलाएं। प्रत्येक संख्या का नाम देते हुए, क्रम से संख्याएं बताएं।

BRAIN BUILDING IN PROGRESS

## संख्याओं के जरिए मस्तिष्क का निर्माण करना!

कार में: जितनी बार कोई बोर्ड या वस्तु दिखे, उसकी गिनती करें। किसी सुरंग में प्रवेश करने परगिनती करना शुरू दें ताकि यह पता चल सके कि सुरंग पार करने में गिनती कहां तक पहुंचती है। बोर्डों पर लिखीसंख्याओं कोबोल कर पढ़ें।

दुकान पर: फल खरीदते समय जब आप उन्हें थैले में रख रहे होंतो उनकी संख्या गिनें। अपने "हेल्पर" को टोकरी से सामान निकालने और यह गिनने के लिए कहें कि आप कितने सामान खरीद रहे हैं।

खेल के मैदान में: झूले को धक्का देते समय गिनती करें। सैंडबॉक्स में रेत पर संख्या बनाएं। इस प्रकार के प्रश्न पूछें कि, "स्लाइड पर कितने बच्चे खेल रहे हैं?"

सैर के दौरान: यहां से वहां पहुंचने के लिए कितने कदम चलना पड़ता है? घरों पर लिखी संख्या देखें, या दिखने वाले पेड़ों या कारों की संख्या गिनें।



हमें बताएं कि आपने इन विचारों का प्रयोग कैसे किया और अपने खुद के कुछ विचार साझा करने के लिए यहां जाएं:
/BrainBuildingInProgress

BrainBuildingInProgress.org

eec Department of Early Education and Care

United Way

बात करना
करना

# भावनाओं के बारे में
# to Build Brains


बातचीत से छोटे बच्चों के मस्तिष्क के निर्माण में मदद मिलती है। भावनाओं के बारे में बातचीत से भीउन्हें महत्वपूर्ण सामाजिक-भावनात्मक कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। जो बच्चे अपनी भावनाओं को पहचान और व्यक्त कर सकते हैं, वे किंडरकार्टन के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे। दैनिक जीवन के इन पलों को मस्तिष्क निर्माण के पलों में तब्दील करने के लिए यह करें!

## समस्या का समाधान करना।

क्रोधित या चिड़चिड़ाए हुए बच्चे को समस्या का समाधान करने में मदद करें। अगला मोड़ लेने, दूसरा खिलौना तलाशने, या अलग विकल्प चुनने जैसी कार्यनीतियां अपनाने का सुझाव दें। समस्या का समाधान करने के कौशल का अभ्यास करने के लिए अभिनय करें। इससे उन्हें  स्कूल में दोस्तियां बनाने और वहां मन लगाने में मदद मिलेगी।

## भावनाओं के बारे में बात करें।

नीचे दिए गए चेहरों की तस्वीरों को अपनी और दूसरों की भावनाओं का नाम देने के लिए और उन्हें समझने के लिए इस्तेमाल करें। इसे आईने के बगल में चिपकाएं ताकि बच्चे उनके चेहरे के भावों को देख सकें, या किताबों के पात्रों की तस्वीरों से उसकीतुलना कर सकें।




Center on the Social Emotional Foundations of Early Learning से लेकर उपयोग किया गया
http://csefel.vanderbilt.edu/modules/2006/feelingchart.pdf

हमें बताएं कि आपने इन विचारों का प्रयोग कैसे किया और अपने खुद के कुछ विचार साझा करने के लिए यहां जाएं:
/BrainBuildingInProgress

BrainBuildingInProgress.org

Department of Early Education and Care

United Way

BRAIN BUILDING IN PROGRESS

# मस्तिष्क निर्माणके लिए पढ़ा न



जब साथ मिलकर पढ़ते हैं तो उससे पहले और बाद की बातचीत और संवाद से छोटे बच्चों के मस्तिष्क के विकास में मदद मिलती है। दैनिक जीवन के पलों को मस्तिष्क निर्माण के पल भी बनाने के लिए यह करें!




## बोलकर पढ़ने से पहले किताब को पलट कर देखें।

- क किताब के पहले कवर को देखें।
- ख इस बारें में बात करें कि आपके अनुसार किताब में क्या होने वाला है।

## तस्वीरों पर ध्यान दें।

छोटे बच्चे समझने, याद करने, मस्तिष्क में संसाधित करने और कहानियों को दोबारा सुनाने में मदद के लिए तस्वीरों के संकेतों का इस्तेमाल करके पढ़ना सीखने की नींव रखते हैं। "तस्वीरों से गुज़रें" और प्रत्येक पेज पर दिखने वाली तस्वीर के बारे में चर्चा करें। तस्वीरें देखें औरउन्हें आपको यह बताने के लिए कहें कि उनके अनुसार क्या हो रहा है।

## खुद को व्यक्त करें!

आपकी आवाज़ में उत्साह उस अनुभव का हिस्साबनने के लिए आमंत्रित करता है।

- क कहानी में क्या घट रहा है इसपर बातचीत जारी रखें।
- ख किताब में क्या हो रहा है इस बारे में प्रश्न पूछें और उनका उत्तर दें।
- ग पेज पर दी गई चीजों की ओर ध्यान दिलाएं और उनपर विचार करने को बढ़ावा दें।
- घ किताब की घटनाओं का संबंध बच्चे के अनुभवों से जोड़ें।

## मिलजुल कर मजे करें!

★ रुचियों के अनुकूल किताबें चुनें -चाहे वे डायनासोर हों, ट्रक हों, पिल्ले हों या राजकुमारियां हो, इससेवे ज्यादा मन लगाकर भागीदारी करेंगे।

★ शांत रहें! यदि बच्चा हिलडुल रहा है या चंचल है, तोइसका मतलब यह नहीं है कि वह सुन नहीं रहा है। कुछ बच्चों को, शरीर को हिलाते हुएएकाग्र होने में मदद मिलती है। यदि बचचा पूरी कहानी सुनने के लिएनहीं बैठता तो कोई परेशानी की बात नहीं है।

★ बार-बार उसी किताब को पढ़ने के लिएतैयार रहे हैं। कहानियों को याद करना, अक्सरपाठक बनने का आरंभिक चरण हो सकता है




हमें बताएं कि आपने इन विचारों का प्रयोग कैसे किया और अपने खुद के कुछ विचार साझा करने के लिए यहां जाएं:
/BrainBuildingInProgress

इस वेबसाइट पर अधिक सीखें और अन्य गतिविधियां, आयोजन और स्रोत-संसाधन खोजें:
BrainBuildingInProgress.org

eec Department of EarlyEducation and Care

United Way

# बात करना
## किताबों के बारे में



पढ़ने के समय को मस्तिष्क निर्माण का पल भी बनानेके लि
इस तरह किताबें पढ़ें!




### पढ़ने को आगे-पीछे की गतिविधि बनाएं।

- क ¦ संवाद करें और शामिल करें। बच्चे को पढ़ कर नहीं सुनाएं, बल्कि उसके साथ पढ़ें। प्रश्न पूछें और अपने बच्चे को किताब खंगालने दें।
- ख ¦ चर्चा करने से भाषा और साक्षरता के कौशल विकसित होते हैं, साथ मस्तिष्क निर्माण में सहायता मिलती है।

### किताब को वास्तविक जीवनऔर व्यापक दुनिया से जोड़ें

आपकी आवाज़ का उत्साह उन्हें संलग्न करता है और उस अनुभव काहिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है।

- क ¦ क्या उस किताब के पात्र उन लोगों की तरह हैं जिन्हें वे जानते हैं?
- ख ¦ क्या किताब में घटने वाली कोई चीज़ उनके साथ घटी है?
- ग ¦ यह कहानी कहां चल रही है इस बारे में जानकारी याउस किताब में रुचि जगाने वाली कोई चीज़ साझा करें।

### नई अवधारणाओं से परिचित कराएं।

- क ¦ यह समझाएं कि किताब को आगे से पीछे या बाएं से दाएं कैसे पढ़ा जाता है।
- ख ¦ इस बात की ओर ध्यान दिलाएं अंग्रेजी में प्रत्येक वाक्य का पहला अक्षर बड़ा होता है और हिंदी-अंग्रेजी दोनों में वाक्य विराम चिह्न के साथ समाप्त होता है।
- ग ¦ संबोधनकारी चिह्नों की तलाश करें। इसका मतलब है कि कहानी में कुछरोचक घटित हुआ है!

BRAIN BUILDING IN PROGRESS

### पूछने के लिए प्रश्न:

★ इस तस्वीर से हमें इस बारे में क्या पता चलता है कि कहानी में आगे क्या हो सकता है?

★ क्या कभी तुम्हारे साथ ऐसा हुआ है?

★ आगे क्या हो सकता है?

★ वह कहां गया? उसने ऐसा क्यों किया?

★ तुम्हारे अनुसार उसको इससे कैसा महसूस हुआ?

★ तुम्हारा पसंदीदा हिस्सा कौन-सा था? तुम्हें यह क्यों पसंद आया?

★ मैं सोच रहा था कि...?

★ यह एक अच्छा प्रश्न था। क्या तुम्हारा कोई और प्रश्न है?



हमें बताएं कि आपने इन विचारों का प्रयोग कैसे किया और अपने खुद के कुछ विचार साझा करने के लिए यहां जाएं:
/BrainBuildingInProgress

BrainBuildingInProgress.org

Department of Early Education and Care

United Way